UPBS120004212021

**न्यायालय CIVIL JUDGE (J.D. KLD. at BASTI), Basti**

**पीठासीन अधिकारी–** (DIKSHA AGARWAL), (उ०प्र० न्यायिक सेवा)– UP03335

मूलवाद सं० 336/2021

विशम्भर बनाम परमात्मा प्रसाद आदि

**09.08.2021**

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थना पत्र 6 ग 2 पर वादी के विद्वान अधिवक्ता को एकपक्षीय रूप से सुना तथा पत्रावली का सम्यक परिशीलन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि वादी द्वारा विवादित भूमि गाटा सं० 11 रकबा 1.6780 हे० के 1/3 पश्चिमी भाग प्रदर्शित नक्शा नजरी वादपत्र अ,य,र,द के संबंध में अस्थायी निषेधाज्ञा की याचना की गयी है। वादी द्वारा अपने कथन के समर्थन में सबूत सूची कागज सं० 10 ग 1 द्वारा नकल खतौनी कागज सं० 11 ग 1, नकल राजस्व मानचित्र कागज सं० 12 ग 1 दाखिल किया गया है। खतौनी के अवलोकन से विदित होता है कि वादीगण एवं प्रतिवादीगण सहखातेदार हैं। अतः ऐसी स्थिति में बिना प्रतिवादीगण को सुने एकपक्षीय आदेश पारित किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।

**आदेश**

प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। वादी पैरवी अन्दर तीन दिवस करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र 6 ग 2 दिनांक–24.08.2021 को पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०),
खलीलाबाद स्थान–बस्ती।

**निस्तारण प्रार्थना पत्र 8 ग 2**

वादी द्वारा प्रार्थना पत्र कागज सं० 8 ग 2 प्रतिवादीगण पर नोटिस का तामीला जरिए विशेष वाहक कराये जाने की याचना के साथ प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है। वादी पैरवी अन्दर तीन दिवस करे।

सिविल जज (जू०डि०),
खलीलाबाद स्थान–बस्ती।